NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-History

Chapter : 9

Chapter Name : व्यापारी , राजा और तीर्थयात्री

Book Name : हमारे अतीत

Q1 निम्नलिखित के उपयुक्त जोड़े बनाओ

दक्षिणापथ के स्वामी	बुद्धचरित
मूवेन्दार	महायान बोद्ध धर्म
अश्ववघोष	सातवाहन शासक
बोधिस्तय	चीनी यात्री
श्वैन त्सांग।	चोल , चेर , पांड्य

Answer. दक्षिणापथ के स्वामी - सातवाहन शासक

मूवेन्दार - चोल , चेर , पांड्य

अश्ववघोष - बुद्धचरित

बोधिस्तय - महायान बोद्ध धर्म

श्वैन त्सांग - चीनी यात्री

Page : 101 , Block name : आओ याद करें

Q2 राजा सिल्क रूट पर अपना नियंत्रण क्यों कायम करना चाहते थे?

Answer - व्यापारी जिस रास्ते से गुजरते थे वहां उन पर कुछ लूटेरों का आक्रमण तथा आस पास के लोगों के हमले का डर होता था। इससे बचाने के लिए राजा उन्हें सुरक्षा प्रदान करता था। राजा के द्वारा दी गयी इस सुरक्षा

aglasem.com

के बदले व्यापारी राजाओं को कर शुल्क और तोहफे देते थे। मिलने वाले इन लाभों के कारण ही कुछ शासक सिल्क रूट पर अपना नियंत्रण चाहते थे।

Page : 102 , Block name : आओ याद करें (short answer question)

Q3 व्यापार तथा व्यापारिक रास्तों के बारे में जानने के लिए इतिहासकार किन-किन साक्ष्यों का उपयोग करते हैं?

Answer - इतिहासकार जिन साक्ष्यों का प्रयोग करते है वे निम्न प्रकार है -

*कुछ इतिहासकार तीर्थयात्रियों द्वारा लिखी गयी किताबों को पढ़कर उन रास्तों को जानने की कोशिश करते है जहाँ से व्यापारी यात्रा करते होंगें।

*कोई सामान कहीं दूर देश से लाया जा रहा है तो उससे यह अंदाज़ा लगाया जाता था की अनेक देशों से भी व्यापारिक संबंध थे।

*जैसे रोम में यहाँ से कुछ सामान भेजा जाता था।

Page : 102 , Block name : आओ याद करें

Q4 भक्ति की प्रमुख विशेषताएँ क्या थी?

Answer. भक्ति - संस्कृत शब्द "भज" से इसकी उत्तपत्ति हुई है जिसका मतलब भगवान और भक्त के बीच संबंध से है।

विशेषताएं -

* इसमें कोई भेदभाव नहीं होता अर्थात सभी जाति,धर्म के लोग देवी देवताओं की पूजा करने के जा सकते है।

*भक्तों के लिए उनके आराध्य देवी या देवता की अगर सच्चे मन से पूजा की जाये तो उनके आराध्य किसी भी रूप में प्रकट हो सकते है।

*भक्त किसी दिखावे की पूजा के बजाय तन मन धन से की गयी पूजा,ईश्वर के प्रति लगन पर ज़्यादा ध्यान देते थे।

Page : 102 , Block name : आओ याद करें (long answer question)

aglasem.com

Q5 चीनी तीर्थयात्री भारत क्यों आए? कारण बताओ।

Answer - व्यापारी अपने व्यापार के लिए एक देश से दूसरे देश जाते थे साथ ही तीर्थयात्री भी उनके साथ आते थे। इसी तरह चीन से कुछ तीर्थयात्री भारत आये थे । वे तीर्थयात्री बोध धर्म से जुड़ी जगह,स्थान और प्रसिद्ध मठों को देखने के लिए यहाँ आये थे।

Page : 102 , Block Name : आओ चर्चा करें (short answer question)

Q6 साधारण लोगों का भक्ति के प्रति आकर्षित होने का कौन-सा कारण होता है?

Answer - भक्ति के प्रति आकर्षित होने के प्रमुख कारण -

* उसमें भेदभाव का न होना।

*कोई भी जाति के लोग तथा अमीर-गरीब हों। किसी भी भगवान को चुन सकते थे।

*इसमें कोई दिखावा तथा कुरीतियाँ भी नहीं थी।

*किसी भी देवी -देवता के प्रति श्रद्धा को ही भक्ति कहा गया।

इन सभी सरल बातों से ही लोग भक्ति की और बिना किसी के कहे हुए , अपने आप ही आकर्षित होने लगे।

Page : 102 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer question)

प्रश्न 7 व 8 - छात्र स्वयं करें ।

aglasem.com